दिन– शुक्रवार दिनांक– 17 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– जिला परिषद के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गये अविश्वास प्रस्ताव के लिए बैठक में शामिल सदस्यों का बहुमत ही होगा जरूरी।

04. और, प्रदेश में मॉनसून के दस से बारह जून के बीच दस्तक देने की संभावना। मौसम विभाग ने अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर कल शाम पांच बजे थम जाएगा। इन क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। पांचवें चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता छह महिला समेत अस्सी उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में नौ हजार चार सौ छत्तीस बूथों की स्थापना की है। औसतन एक हजार आठ मतदाता प्रत्येक बूथ पर मतदान करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सारण लोकसभा क्षेत्र के अमनौर स्थित धरहरा खुर्द मैदान में पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का आज पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी और सीवान लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्वी चंपारण और शिवहर में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी रैली करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के

प्रमुख मुकेश सहनी सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, वैशाली और सारण लोकसभा क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इससे पहले नामांकन पत्रों की जाँच में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये। वहीं, उनासी नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात नालंदा लोकसभा सीट की। नालंदा बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय के लिए प्रसिद्ध नालंदा की पहचान उदार सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं की रही है। नालंदा विश्वविद्यालय का बौद्धिक दृष्टिकोण लंबे समय तक एशिया की संस्कृति को गढ़ता रहा है। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी नालंदा की विरासत काफी समृद्ध रही है। उन्नीस सौ सत्तावन में अस्तित्व में आए इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व महान समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार जैसी कई प्रमुख हस्तियों ने किया है। वर्ष दो हजार नौ, दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनावों में इस सीट से जदयू के कौशलेन्द्र कुमार को लगातार जीत मिलती रही है। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत जदयू के खाते में आई नालंदा सीट से पार्टी ने एक बार फिर कौशलेन्द्र कुमार को ही मैदान में उतारा है। उनके सामने विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले ने संदीप सौरभ को उम्मीदवार बनाया है। संदीप सौरभ पटना के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। नालंदा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें से छह पर एनडीए और एक सीट पर राजद का कब्जा है। अस्थावां, राजगीर, हिलसा, नालंदा और हरनौत सीट पर जदयू के और बिहारशरीफ सीट पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, एक मात्र सीट इस्लामपुर पर राजद का कब्जा है। कृषि प्रधान नालंदा लोकसभा क्षेत्र में सुखाड़ की समस्या प्रमुख है। पैमार, गोईठवा, सोईवा और लोकाईन समेत अन्य नदियों में पानी का बहाव नहीं के बराबर है, जिस कारण किसानों को सिंचाई की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उद्योग धंधों की कमी के कारण श्रम शक्ति का पलायन क्षेत्र की एक अन्य प्रमुख समस्या है। जदयू उम्मीदवार अपने पंद्रह वर्षों के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों तथा राज्य और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं, भाकपा माले उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी समेत स्थानीय मुद्दों के आधार पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के बाईस लाख से अधिक मतदाता चौथी बार जदयू उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को लोकसभा भेजते हैं या फिर एक नए चेहरे भाकपा माले के संदीप सौरभ पर भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य का नामांकन रद्द करने के लिए पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया

है कि रोहिणी आचार्य के पासपोर्ट की सही ढंग से जांच नहीं की गयी। उनकी भारतीय नागरिकता पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि वे पिछले सात वर्षों से सिंगापुर में रह रही हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि बिहार पंचायती राज अधिनियम– दो हजार छह के तहत जिला परिषद के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लागू करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत की आवश्यकता है। न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया में जिला परिषद के कुल निर्वाचित सदस्यों की बहुमत की आवश्यकता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन, न्यायाधीश आशुतोष कुमार और न्यायाधीश हरीश कुमार की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया।

---

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के दस से बारह जून के बीच प्रवेश करने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के निदेशक सुनील कुमार थूल ने बताया कि इस बार राज्य में मॉनसून के दौरान अच्छी बारिश के आसार हैं। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। बक्सर में सबसे अधिक तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, शेखपुरा, जमुई और बांका जिले में लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण नमीयुक्त हवा प्रदेश के दक्षिण–पूर्व भागों में प्रवेश कर रही है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

इधर, कल मुंगेर, बांका और भागलपुर जिले में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

केन्द्र सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं और छह फॉर्मूलेशन्स की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

---

मुजफ्फरपुर के माली घाट चौक स्थित पूर्व वार्ड पार्षद विजय झा के आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान अस्सी लाख रूपये नकद, पांच पिस्तौल और निवेश तथा जमीन के दस्तावेज सहित कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम विजय झा के ठिकानों से बरामद दस्तावेजों की जांच कर रही है।

---

माता सीता के जन्मोत्सव पर आज प्रदेश भर में जानकी नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सीतामढ़ी और दरभंगा समेत मिथिला के विभिन्न मंदिरों में इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। इधर, पटना के महावीर मंदिर में माता जानकी की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामना देते हुए कहा है कि माता जानकी के जीवन से हमे त्याग, सेवा और संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

---

सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीराजपुर स्थित एक मदरसा में हुए बम विस्फोट में घायल मौलान इमामुद्दीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल एक छात्र का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुयी है। गौरतलब है कि बीते पंद्रह मई को इस मदरसे में यह विस्फोट हुआ था।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– कोर्ट के संज्ञान के बाद ईडी गिरफ्तार नहीं कर सकती है। गिरफ्तारी जरूरी हो तो विशेष अदालत से लेनी होगी मंजूरी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– कोविशील्ड के बाद अब को–वैक्सीन से दुष्प्रभाव का दावा।

**दैनिक भास्कर** ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– बेटे को सीएम बनाने के लिए कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं लालू प्रसाद।

**प्रभात खबर** ने तेजस्वी प्रसाद यादव के हवाले से लिखा है– इंडिया की सरकार एक करोड़ लोगों को देगी नौकरी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– सरकार ने सस्ती की इकतालीस दवाएं।

**दैनिक आज** की सुर्खी है– शिक्षा विभाग ने तीन विश्वविद्यालयों के खातों पर रोक लगायी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– जिला परिषद के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गये अविश्वास प्रस्ताव के लिए बैठक में शामिल सदस्यों का बहुमत ही होगा जरूरी।

04. और, प्रदेश में मॉनसून के दस से बारह जून के बीच दस्तक देने की संभावना। मौसम विभाग ने अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।